CCPS CENTER FOR CHEMICAL PROCESS SAFETY
An AIChE Industry Technology Alliance

क्रियाओं में बचाव का
आकाशदीप

http://www.aiche.org/CCPS/Publications/Beacon/index.aspx
निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों के लिये संदेश

CCPS के समर्थकों द्वारा प्रायोजित

संयंत्र सुरक्षा

सितंबर 2008

सितंबर 2001 में अमरीका पर हुए आतंकवादियों के हमले की वर्षगांठ के अवसर पर हम यह याद करते हैं कि न्यू यॉर्क और वाशिंगटन में हुए हमले के पहले और बाद में भी ऐसे हमले पूरे संसार में कई जगहों पर हो चुके हैं (जैसे, टोक्यो के भूमिगत पारपथ पर, लंदन, मैडरिड, बाली, भारत में अहमदाबाद, रूस में कई हमले, मध्य-पूर्व में विभिन्न देशों में हुए कई हमले) I ऐसे बहुत कम देश हैं जहां विध्वंस या आतंकवादी हमले न हुए हों I चूंकि प्रक्रिया उद्योगों में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री ख़तरनाक होती है इसलिए सबको ध्यान रखना पड़ता है कि हमारे संयंत्र सुरक्षित हैं, खुद को, अपने सहकर्मियों और पड़ोसियों की रक्षा करने के लिये सतर्क रहना पड़ता है I अगर आप किसी ऐसे स्थान पर काम करते हैं जहाँ रसायनिक पदार्थों के भंडारण या प्रक्रिया सुविधा संबंधी काम किया जाता है तो आप अपने संयंत्र में मौजूद संभावित सुरक्षा कमियों को पहचानने और उनका सामना करने के लिए सबसे उपयुक्त परिस्थिति में हैं I कृपया अपना काम करते हुए संभावित सुरक्षा समस्याओं पर नज़र रखें और प्रबंधन को उनके विषय में जानकारी दें जिससे उन्हें दूर किया जा सके I

आप क्या कर सकते हैं?

चूंकि आप प्लाँट में रोज़ काम करते हैं इसलिए आपको संभावित सुरक्षा-संबंधी समस्याओं को देखने का मौका मिलता है I उन्हें ढूंढें और अपने अधिकारियों को उनके बारे में जानकारी दें I नीचे इनके कुछ उदाहरण दिये जा रहे हैं और आपका प्रबंधन आसानी से एक अधिक लंबी सूची बना सकता है:

- सुरक्षा-लाइटें जो काम नहीं कर रहीं, या अगर वे काम कर रहीं हैं तो उनकी कमी है
- संयंत्र की बाहरी दीवार (या बाड़) के दरवाज़े पर लगी टूटी चिटकनी
- ढीले दरवाज़े या ऐसे दरवाज़े जिनके नीचे काफ़ी जगह हो
- बाड़ में या बाड़ के नीचे खाली जगह, बाड़ को नुक्सान, बहुत नीची बाड़, बाड़ के नीचे की मिट्टी का अपरदन
- बाड़ के बाहर की तरफ़ मौजूद वस्तुएं जिनकी मदद से बाड़ पार करने में मदद मिल सकती है
- ऐसी जंजीर और ताले जो ठीक से बंद न किये गये हों
- संयंत्र की दीवार के बाहर स्थित खुले फाटक, दरवाज़े या खिड़कियां
- बाहर की तरफ़ स्थित फाटक या दरवाज़े जो पूरी तरह खुलने से पहले अटक जाते हैं

साथ ही आपको सुरक्षा प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी होनी चाहिए और उनका पालन करना चाहिए - उदाहरण के लिए:

- हमेशा अनिवार्य पहचान-पत्र लगाये रखें और अगर आप किसी ऐसे व्यक्ति को देखे जिसने उचित पहचान-पत्र न लगाया हो तो अपने पर्यवेक्षक या सुरक्षा अधिकारियों को सूचित करें I
- किसी भी अन्य व्यक्ति को अपना संयंत्र प्रवेश पत्र या पहचान पत्र न दें I

झाड़ियों और पेड़ों से घिरी बाड़

बाड़ के निकट खड़ी कारें जिनकी मदद से घुसपैठिये बाड़ पार कर सकते हैं

चेन लिंक बाड़ के जाल पर लगा ताला - यह बाड़ के डंडे को ज़ंजीर से बांधने जितना मज़बूत नहीं होता

संयंत्र की सुरक्षा सबकी ज़िम्मेदारी है!

AIChE © 2008, सर्वाधिकार सुरक्षित I अव्यवसायिक व शिक्षा सबंधी कार्य के लिए पुनः जारी करने को बढ़ावा दिया जाता है I तथापि CCPS के अलावा किसी अन्य संस्था या व्यक्ति द्वारा बिक्री के लिए पुनः छापने पर प्रतिबंध है I हमसे संपर्क करें: ccps_beacon@aiche.org या 212-591-73-9

सामान्यतयाः आकाशदीप अफ़्रीकान्स, अरबी, चीनी, डैनिश, डच, अंग्रेज़ी, फ़्राँसीसी, जर्मन, गुजराती, हीब्रू, हिंदी, हंगेरियन, इंडोनेशियाई, इतालवी, जापानी, कोरियन, मलय, मराठी, फ़ारसी, पोलिश, पुर्तगाली, रूसी, स्पैनिश, स्वीडिश, तमिल, थाई और वियतनामी भाषाओं में उपलब्ध है I

This document has been translated with the help of Chilworth Safety & Risk Management P. Ltd., India:www.chilworth.co.in